हिन्दी ग्रन्थों का मानकीकरण

675. **डा० महादेव प्रसाद** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने अब तक किन-किन ग्रन्थों का किन-किन वर्षों में प्रकाशन किया है; और

(ख) इन मानक ग्रन्थों का चुनाव करने और उन्हें अन्तिम रूप देने का क्या ढंग अपनाया गया है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा स्वयं अथवा शिक्षा संस्थाओं, प्रकाशकों आदि के सहयोग से हिन्दी में प्रकाशित पुस्तकों की सूची सभा-पटल पर रखी गई है । [**पुस्तकालय में रखी गई, देखिये** संख्या LT–4620/65].

(ख) मानक ग्रन्थों का चयन, इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से गठित विशेषज्ञ समितियों की सिफारिश पर किया जाता है । इस समिति में प्रमुख विद्वान और विषय विशेष से संबंधित प्रोफेसर होते हैं ।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

676. **डा० महादेव प्रसाद** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग को पुनर्गठित करने का निश्चय किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह आयोग केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय से स्वतंत्र हो कर कार्य करेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (ग). वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग को, जिसने 1961 में कार्यारम्भ किया था, सचिवालय सम्बन्धी आवश्यक सहायता की व्यवस्था के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय से सम्बद्ध कर दिया गया था । आयोग द्वारा कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में हाल ही में की गई समीक्षा के फलस्वरूप यह देखा गया कि वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत एक सम्मिलित सचिवालय होने से आयोग और निदेशालय के कार्य में बाधा होती है । इसलिए यह निश्चय किया गया है कि आयोग को निदेशालय से अलग कर दिया जाये और उसके लिए उसके सीधे नियंत्रण में पूर्णकालिक स्टाफ की व्यवस्था की जाये ।

वैज्ञानिक और तकनीकी विषयों में तकनीकी शब्दावली तैयार करने के अतिरिक्त, आयोग विश्वविद्यालयों में उपयोग के लिए मानक रचनाओं के अनुवाद और मूल लेखन की योजना की क्रियान्विति, विभिन्न वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दकोशों से सम्बन्धित पुस्तिकाओं का निर्माण और वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली की पत्रिका का प्रकाशन भी करेगा ।

पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ्तारी

677. **डा० महादेव प्रसाद** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत 27 जून, 1965 को अमृतसर में दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उन्हें किस कानून के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया; और

(ग) क्या उनके पास से कोई आपत्ति-जनक सामग्री भी बरामद हुई थी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) तथा (ग). प्रश्न ही नहीं उठते